हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 98 देहरादून, शुक्रवार, 06 अक्टूबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




दवा व्यापारियों के उत्पीड़न को लेकर एसएसपी अजय सिंह से मिले भाजपा नेता सिद्धार्थ अग्रवाल 3

# पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी में बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर : मुख्यमंत्री

## विद्यार्थियों को पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षण मिलेगा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में समझौता
- राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा बंशीधर तिवारी एवं स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिराज आर्टिनियन ने किये समझौते पर हस्ताक्षर

**समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड और स्विस एजुकेशन ग्रुप के मध्य किया गया एम.ओ.यू**

देहरादून , 6 अक्टूबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड और स्विस एजुकेशन ग्रुप, स्विटजरलैंण्ड के मध्य समझौता ज्ञापन किया गया। उत्तराखण्ड में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान के लिए राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा बंशीधर तिवारी एवं स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिराज आर्टिनियन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। स्विस एजुकेशन ग्रुप द्वारा राज्य में विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को बेहतर बनाने में भी सहयोग दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में 09वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के तहत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिए यह समझौता आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में इन दोनों क्षेत्रों में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण से दक्षता हासिल कर हमारे विद्यार्थियों को रोजगार के अनेक अवसर मिलेंगे। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के साथ ही ईको टूरिज्म, वैलनेस को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने राज्य में पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में स्विट्जरलैंड के साथ हुए इस समझौते में अहम भूमिका निभाने पर अभय दास महाराज का आभार व्यक्त किया। लगभग 04 माह पूर्व इन क्षेत्रों में राज्य को सहयोग देने के लिए मुख्यमंत्री एवं अभय दास महाराज के बीच चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा में लाखों श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड आते हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि 12 माह श्रद्धालु एवं पर्यटक बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के धार्मिक और पर्यटक स्थलों में आयें, इसके लिए मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन पर तेजी से कार्य




किये जा रहे हैं। इसके तहत प्रथम चरण में 16 मन्दिर चिन्हित कर कार्य शुरू किये जा चुके हैं।

अभयदास महाराज ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र का मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड आध्यात्म का केन्द्र है। विदेशों में उत्तराखण्ड आध्यात्म के केन्द्र खोलने की दिशा में कार्य करेगा, तो इसमें रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन ने कहा कि 09वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के तहत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिए यह समझौता हुआ है। स्विस एजुकेशन ग्रुप की फैकल्टी द्वारा स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। स्विट्जरलैंड में भी स्विस एजुकेशन ग्रुप द्वारा राज्य के स्कूली बच्चों को इन क्षेत्रों में एक-एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, स्विस एजुकेशन ग्रुप से सूर्य प्रताप सिंह भाटी, अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती उपस्थित थे।

# श्री केदारनाथ धाम में भूमि हस्तांतरण मुद्दे पर विनय शंकर पांडेय की तीर्थ पुरोहितों से चर्चा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्री केदारनाथ धाम को भव्य रूप देने के लिए मास्टर प्लान के तहत निर्माण एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस संबंध में तीर्थ पुरोहितों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त गढ़वाल मंडल से भेंट कर अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने तीर्थ पुरोहितों की समस्याओं को सुनते हुए उचित समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने तीर्थ पुरोहितों से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट केदारनाथ पुनर्निर्माण में पूर्ण सहयोग देने की अपेक्षा की।

जनपद भ्रमण पर पहुंचे गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय का जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने जनपद आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर आयुक्त गढ़वाल मंडल से तीर्थ पुरोहितों का प्रतिनिध मंडल ने जिला कार्यालय में भेंट कर केदारनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण के संबंध में अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। मौके पर पहुंचे तीर्थ पुरोहितों के साथ अनुबंध भी किया गया।

आयुक्त गढ़वाल मंडल ने तीर्थ पुरोहितों से कहा कि केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसमें मास्टर प्लान के तहत ही सभी पुनर्निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने इस



प्रोजेक्ट में सभी तीर्थ पुरोहितों से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन तीर्थ पुरोहितों के साथ है तथा उनका जो भी हक होगा वह उन्हें पूर्ण रूप से दिलाया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार से कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर आयुक्त गढ़वाल मंडल ने चारधाम यात्रा के अंतर्गत केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि यात्रा में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों की अधिग्रहत की जा रही भूमि एवं यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध में की आयुक्त गढ़वाल को विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी बीर सिंह बुदियाल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदारनाथ योगेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी लक्सर गोपाल चौहान सहित तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे।

# लोकसभा सांसद डॉ0 निशंक की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

देहरादून। माननीय लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में गुरुवार को वन विभाग मुख्यालय के मंथन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक में माननीय सांसद ने विभागवार केंद्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए चालू एवं अधूरे निर्माण कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने एवं सडक़ निर्माण में अधिग्रहण काश्तकारों की भूमि का मुआवजा राशि वितरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही गत बैठक में समिति द्वारा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुई समस्याओं के निस्तारण को लेकर अपनी मांगे एवं शिकायते दर्ज कराई गई थी जिसके अनुपालन में सम्बन्धित विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण हेतु की गई कार्रवाई का ब्यौरा समिति को दिया गया।

माननीय सांसद ने श्यामपुर रेलवे फाटक के पास लगने वाले जाम से तात्कालिक रूप से निजात दिलाने के लिए तत्काल प्रभाव से सडक़ मार्ग चौड़ीकरण करने एवं फ्लाईओवर की डीपीआर बनाने के निर्देश एनएचआई को दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा जाम लगता है तथा यात्रियों, ऋषिकेश एम्स जाने वाले मरीजों समेत आमजन तक को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विधायक धर्मपुर की माँगानुसार आईएसबीटी के पास सडक़ चौड़ीकरण एवं जल निकासी के लिए ड्रेनेज की व्यवस्था करने के साथ ही बिजली के खंभे को हटाने तथा मोथोरोवाला, माता मंदिर चौक का विस्तारीकरण के साथ ही कारगी चौक में जल निकासी के लिए ड्रेनेज व सीवर लाइन की प्रगति जानी। सांसद ने कहा कि राजधानी में जल निकासी की बड़ी समस्या है इस हेतु उन्होंने जिलाधिकारी को क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में पीडब्ल्यूडी,एनएच,एमडीडीए,नगर निगम के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर कार्यों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। विधायक डोईवाला द्वारा मोहकमपुर फ्लाई ओवर के पास यात्री शेड व बालावाला सडक़ मार्ग क्षतिग्रस्त होने का मामला उठाया। वहीं मेयर नगर निगम ऋषिकेश द्वारा भी पेयजल लाईन बनने से सडक़ क्षतिग्रस्त होने का मामला उठाया।

बैठक में एनएचआई द्वारा बताया गया कि एनएचआई के पास दो परियोजना है जिनका कार्य प्रगति पर है। जिसमें बल्लुपुर-पौंटा सडक़ मार्ग का चार प्रतिशत एवं डाटकाली आशारोड़ी सडक़ मार्ग का पचास फीसदी कार्य हो चुका है। इसी तरह एनएच के अंतर्गत 9 सडक़ मार्ग सहित ड्रेनेज व सेतु का निर्माण कार्य गतिमान है जो जल्द पूर्ण होने वाले है।

# आ गया अकेलेपन का सबसे बड़ा समाधान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 अक्टूबर , यह वर्चुअल इंसान असली मनुष्य की तरह ही चल सकता है, बैठ सकता है या लेट सकता है और लोगों से बात कर सकता है. रोबोट को भी बुजुर्गों के अकेलेपन का समाधान माना जाता है, लेकिन वर्चुअल मनुष्य रोबोट की तुलना में किफायती हैं. सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है. अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं. वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी



शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं.

वर्चुअल इंसान इस समस्या को कम करने में मदद कर सकता है. वर्चुअल इंसान कम्प्यूटर जनित मनुष्य होता है, जिसे आपके घर की बैठक समेत भौतिक दुनिया में रखा जा सकता है. यह एक अनूठा साथी है, क्योंकि यह भौतिक दुनिया में सहजता से घुलमिल जाता है. आपको यह कंप्यूटर-जनित मानव एक असल मनुष्य की तरह दिखाई देता है और यह वास्तविक एवं वर्चुअल दुनिया के बीच की सीमाओं को तोड़ रहा है.

यह वर्चुअल इंसान असली मनुष्य की तरह ही चल सकता है, बैठ सकता है या लेट सकता है और लोगों से बात कर सकता है, लेकिन यह चीजों को उठा नहीं सकता, यह चीजों को इधर-उधर नहीं ले जा सकता और न ही चाय बना सकता है. यह प्रौद्योगिकी अभी उतनी विकसित नहीं हुई है. रोबोट को भी बुजुर्गों के अकेलेपन का समाधान माना जाता है, लेकिन वर्चुअल मनुष्य रोबोट की तुलना में किफायती हैं. इन्हें कोई भी आकार दिया जा सकता है, कोई भी शक्ल दी जाती है और व्यवहार भी किसी की भी तरह तय किया जा सकता है, जबकि रोबोट के लिए यह संभव नहीं है.

उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस वर्चुअल इंसानों के साथ में बुजुर्ग आबादी के मानसिक स्वास्थ्य और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने की काफी क्षमता है, लेकिन इसे परिपक्व प्रौद्योगिकी बनाने के लिए अभी कई बाधाओं और चुनौतियों से पार पाना शेष है. वर्चुअल इंसान के तमाम लाभों के बावजूद यह देखना होगा कि क्या लोग स्वीकार करेंगे कि यह साथी बनकर उनके साथ रहे.

# पुरुषों को क्यों सताती है हाइपरटेंशन की फिक्र ?




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 अक्टूबर , WHO की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित आधे लोग भी अपने ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखते हैं, तो 2040 तक भारत में 4.6 मिलियन मौतों को रोका जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 188.3 मिलियन लोग इस स्थिति के साथ जी रहे हैं, लेकिन इनमें से केवल 37% ही अपनी स्थिति के बारे में जागरूक हैं। रिसर्च के अनुसार, पुरुष अगर युवावस्था में ही हाइपरटेंशन पर ध्यान नहीं देते, तो यह आगे चलकर हृदय संबंधी बीमारियों का रूप ले सकता है। इसलिए पुरुषों को हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के तरीके युवावस्था में ही तलाश लेने चाहिए। यहां बताया गया है कि पुरुष हाइपरटेंशन से बचने के लिए क्या कर सकते हैं।

पुरुषों में हाइपरटेंशन ज्यादा

कई रिसर्च बताती हैं कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में हाइपरटेंशन का खतरा विकसित होने की संभावना ज्यादा रहती है। मेडिकल जर्नल हाइपरटेंशन में पब्लिश हुई एक स्टडी से पता चलता है कि 18 से 39 वर्ष की आयु के पुरुष न तो ब्लड प्रेशर के बारे में जागरूक हैं और न ही इसका उपचार कराते हैं। बता दें कि ब्लड प्रेशर कोई बीमारी नहीं है, लेकिन यह हार्ट डिजीज के लिए बहुत बड़ा रिस्क फैक्टर है हर पुरुष को साल में एक बार तो ब्लड प्रेशर की जांच करवानी ही चाहिए। भले ही आपको कोई स्वास्थ्य समस्या न हो। बहुत कम संख्या में युवा पुरुषों में वयस्कता की शुरुआत में ही हाई ब्लड प्रेशर के लक्षण दिखना शुरू हो जाते हैं। यह अनुवांशिक हो सकता है। इसके अलावा यंग एज में स्लीप एपनिया, किडनी की समस्या, मोटापा, एक्सरसाइज न करना, डायबिटीज, स्ट्रेस और धूम्रपान के साथ शराब का भी सेवन करना पुरुषों में हाई बीपी का मुख्य कारण हैं।

हाइपरटेंशन से बचाव के उपाय

दवा के बिना ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने का पहला कदम जीवनशैली में बदलाव के साथ शुरू होता है। यहां हाइपरटेंशन से बचने के उपाय दिए गए हैं। स्वीकारें कि आपको हाइपरटेंशन की प्रॉब्लम है। सोने के समय और तरीके पर ध्यान दें। बीपी लेवल चेक करते रहें। रोजाना नमक का सेवन कम करें। तले हुए भोजन से परहेज करें। लाल मांस का सेवन कम से कम करें। ज्यादा से ज्यादा फल और सब्जियां खाएं। नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। धूम्रपान छोड़ें और वजन कम करें। कभी-कभी ब्लड प्रेशर बिना किसी वजह के भी फ्लकचुएट हो जाता है। ऐसा डायबिटीज या अचानक से वजन बढ़ने के कारण हो सकता है।

हाइपरटेंशन में फायदेमंद DASH डाइट

हाइपरटेंशन में आपका आहार बहुत मायने रखता है। ऐसे में DASH डाइट को हाइपरटेंशन का बेहतरीन इलाज माना जाता है। इसका उद्देश्य सोडियम, चीनी और नमक के सेवन को कम करना और डाइट में पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों को शामिल करना है। इससे आपका ब्लड प्रेशर कम होता है।

# रोमांच और बेइंतहा खूबसूरती से भरा है उत्तराखंड का ये ट्रैक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली 06 अक्टूबर : उत्तराखंड में स्थित रूपकुंड झील खुद में कई रहस्यों को समेटे हुए है। साल 1942 में यहां पर पांच सौ से ज्यादा कंकाल पाए गए थे, तब से ये झील कंकाल झील के नाम से पहचानी जाने लगी। चमोली में स्थित रूपकुंड में रहस्य है और साथ ही रोमांच भी। चारों तरफ पर्वतों की घाटियां इस जगह को और भी ज्यादा शानदार बना देती हैं। ये हिमालय की दो चोटियों त्रिशूल और नंद घुंगट के तल के पास स्थित है।



आज हम आपको रूपकुंड झील के साथ ही इस रोमांचक ट्रैक के बारे में जानकारी देंगे। इस रहस्यमयी झील के पास दूर-दूर तक घने जंगल हैं। रूपकुंड ट्रैक पर लोग अक्सर ट्रैकिंग करने पहुंचते हैं। वहां आसपास कुछ मंदिर है, साथ ही गहरी ढलानों पर बहते झरने इस जगह की खूबसूरती को और बढ़ा देते हैं। रूपकुंड जाने के लिए आपको सबसे पहले हरिद्वार, फिर ऋषिकेश और देवप्रयाग पहुंचना होगा। वहां से श्रीनगर गढ़वाल होते हुए कर्णप्रयाग और फिर थराली जाएं। इसके बाद देवाल और फिर वांण-बेदनी बुग्याल होते हुए आप बखुवाबासा पहुंचेंगे। यहां से आपको केलू विनायक जाना होगा, इस तरह आप रूपकुंड पहुंच जाएंगे। रूपकुंड करीब 16 हजार फीट ऊंचाई पर है। यहां झील में मिलने वाले कंकाल 12वीं और 15वीं सदी के बीच के बताए जाते हैं। अगर कुछ दिनों के लिए खुद के साथ समय बिताने की सोच रहे हैं और सोलो ट्रिप पर जाना चाहते हैं तो रूपकुंड ट्रैक आपके लिए अच्छा ऑप्शन है।



# पापा बिकाऊ हैं ! कीमत 2 लाख


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 अक्टूबर , आजकल की जनरेशन के बच्चे पहले ज्यादा स्मार्ट हो गए हैं। चाहे उनका एकदम रिपॉन्ड करने का तरीका हो या टेक्नोलॉजी स्पेशलिस्ट की तरह स्मार्टफोन को नेविगेट करने की। सोशल मीडिया पर ऐसे कई उदाहरण देखने को मिलते हैं। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर और वायरल हो रही है। इसमें एक बच्चे ने अपने घर के बाहर नोटिस लगाया कि दो लाख रुपये में वो अपने पापा को बेच रहा है। सोशल मीडिया पर इस नोटिस को पढ़ने के बाद यूजर्स तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं।

दरअसल, एक्स पर मेलानचोहोलिक नाम के यूजर ने एक तस्वीर शेयर की। इसमें एक आठ साल के बच्चे ने अपने पापा से नाराजगी के बाद उन्हें बेचने के लिए बोली लगा दी। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि बच्चे ने अपने घर के दरवाजे पर "फादर ऑन सेल" का नोटिस लगा रखा है। साथ ही उसने लिखा कि दो लाख रुपये में वह अपने पापा को बेच रहा है और अगर किसी को खरीदना हो तो घर की घंटी बचाकर उससे संपर्क कर सकता है।

यूजर्स ने दिए फनी रिएक्शन

सोशल मीडिया पर इस नोटिस को पढ़ने के बाद यूजर्स हंसी के ठहाकों के इमोजी शेयर कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं,एक शख्स ने लिखा कि इंटरनेट पर आज मैंने सबसे फनी चीज देखी है। इसके साथ ही दूसरे यूजर ने चुटकी लेते हुए लिखा कि इसके उल्ट मुझे लगता है कि वह आपको बहुत महत्व देता है क्योंकि मुझे याद है कि उनकी उम्र में हम कैसे सोचते थे कि 2 लाख बहुत सारा पैसा है। एक्स पर इस तस्वीर को 25 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं, वहीं सैकड़ों लोगों ने इसे लाइक किया।



# मंत्री गणेश जोशी ने चम्पावत में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चम्पावत 06 अक्टूबर। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज चम्पावत में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में 12 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पीएम मोदी के जनपद में आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता करने की भी अपील की। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है और जब भी वह उत्तराखंड आते है कुछ न कुछ उत्तराखंड वासियों को देकर जाते है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनपद में आगमन को लेकर हर एक उत्तराखंड वासी उत्साहित है। बैठक को बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत सिंह भौर्याल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पीएम मोदी की जनसभा में अधिक से अधिक लोग पहुंचे, इसकी पूर्ण चिंता की जाये। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा,प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत सिंह भौर्याल, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# दवा व्यापारियों के उत्पीड़न को लेकर एसएसपी अजय सिंह से मिले भाजपा नेता सिद्धार्थ अग्रवाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 06 अक्तूबर। मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी के नाम उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल बृहस्पतिवार को एसएसपी अजय सिंह से मिले। व्यापारियों का आरोप है कि नियमों को अनदेखा कर पुलिस विभाग मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर रहे हैं।




भाजपा महानगर अध्यक्ष व दून उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में केमिस्ट एसोसिएसन महानगर के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी अजय सिंह से मुलाकात की। सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा पुलिस विभाग के कर्मचारी और अधिकारी देहरादून के खुदरा दवा व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है। नवीन खुराना ने बताया 30 सितंबर को देहरादून के लगभग 430 मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण पुलिस विभाग द्वारा किया गया। जबकि निरीक्षण औषधि निरीक्षक की अनुपस्थिति में किया गया जो औषधि एवं प्रधान अधिनियम के विरुद्ध है। सभी दवा व्यापारी ड्रग एवं कॉस्मेटिक अधिनियम के अंतर्गत जारी लाइसेंस के पश्चात ही दवाओं का क्रय-विक्रय करते हैं। उन्होंने एसएसपी से अनुरोध किया कि पुलिस विभाग के पास प्रतिबंधित दवाओं की कोई सूची हो जो बेची नहीं जा सकती है तो वो हमें दे दें। संगठन के महासचिव अरविंद तायल ने बताया कि दवा विक्रेताओं को दुकान के निरीक्षण से कोई भी आपत्ति नहीं है। लेकिन कानून का पालन किया जाए।

सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने यह भी कहा कि दवा विक्रेताओ द्वारा अवैद्य एवं अनैतिक दवा का कारोबार किया जा रहा है तो उस पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई आवश्यक की जानी चाहिए। इस दौरान दून उद्योग व्यापार मंडल के महासचिव सुनील मैसोंन ने दवा व्यापारियों का पक्ष रखा।

**एसएसपी बोले देहरादून को नशा मुक्त करने का है लक्ष्य**

दवा व्यापारियों से मुलाकात के दौरान एसएसपी अजय सिंह ने कहा कि हम सब का लक्ष्य देहरादून को नशा मुक्त करना है। हमारी मंशा किसी भी व्यापारी वर्ग व कैमिस्ट दुकानदार को परेशान करने की नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि केमिस्ट की आड़ में कुछ ऐसे लोग हो सकते हैं कि जो आपत्तिजनक दवाईयों का क्रय विक्रय कर रहै हों। ऐसे लोगों को उन्होंने ने सख्त चेतावनी दी है।



## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य सचिव ने ली जोशीमठ में आपदा जोखिम न्यूनीकरण से सम्बन्धित होने वाले कार्यों के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून । मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय में जोशीमठ में आपदा जोखिम न्यूनीकरण से सम्बन्धित होने वाले कार्यों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जोशीमठ में ढलान स्थिरीकरण पेयजल, सीवरेज, जल निकासी आदि कार्यों की डीपीआर शीघ्र तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीपीआर तैयार किए जाने से लेकर कार्य शुरू से पूर्ण होने तक की प्रत्येक कार्य की समयसीमा निर्धारित कर ली जाए। सभी कार्य समय से पूर्ण हों इसके लिए संबंधित विभागों के सचिवों द्वारा साप्ताहिक अनुश्रवण किया जाए। कहा कि वे स्वयं भी पाक्षिक रूप से कार्यों का अनुश्रवण करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि जोशीमठ क्षेत्र में रेट्रोफिटिंग का कार्य करने हेतु कंसल्टेंट और विशेषज्ञों को शामिल किया जाए। उन्होंने देश के सबसे अच्छे कंसल्टेंट और विशेषज्ञों को शामिल किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। औली रोप-वे में कराए जाने वाले कार्यों पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जा रहा है, इसके लिए उन्होंने प्रदेश में रोप-वे सेल विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए। प्रदेश में रोप-वे सिस्टम को मजबूत किए जाने हेतु रोपवे सेल को भी मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सचिव श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा एवं डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय सहित अन्य उच्चाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चमोली जनपद से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष बने नैथानी

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद देहरादून क्षेत्र के चुनाव में अध्यक्ष मुकेश नैथानी और मंत्री राकेश पेटवाल चुने गए। नये पदाधिकारियों ने कर्मचारी और रोडवेज हित में काम करने का संकल्प लिया। बुधवार को जैन धर्मशाला में चुनाव में अध्यक्ष और मंत्री पद के अलावा कोषाध्यक्ष पद पर वैभव तिवारी चुने गए। चुनाव अधिकारी शिवनारायण तिवारी और नवीन कुकरेती की देखरेख में चुनाव हुए। हरिद्वार, ऋषिकेश, कोटद्वार, रूडकी, श्रीनगर, पर्वतीय, ग्रमीण, देहरादून डिपो, क्षेत्रीय कार्यशाला, डिपो कार्यशाला, प्रशासनिक शाखा, आईएसबीटी दिल्ली के प्रतिनिधि शामिल हुए। क्षेत्रीय मंत्री राकेश पेटवाल ने सभी कर्मचारियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और रोडवेज का अहित किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। प्रांतीय अध्यक्ष प्रेम सिंह रावत, महामंत्री दिनेश पंत और उप महामंत्री विपिन बिजल्वाण ने सभी नये पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन हित में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठता के साथ करने की अपील की।

### गृह मंत्री के दौरे के लिए पुलिस को किया अलर्ट

देहरादून। सात अक्तूबर को गृह मंत्री अमित शाह के दून प्रस्तावित दौरे को लेकर गुरुवार को ड्यूटी में लगी फोर्स को अलर्ट किया गया। पुलिस लाइन में एडीजी एलओ एपी अंशुमन की मौजूदगी में ब्रीफिंग हुई। इस दौरान उनके आने के रूट की सुरक्षा के साथ ही आयोजन स्थल पर सुरक्षा को लेकर समीक्षा हुई। कर्मचारियों को निर्धारित समय से तीन घंटे पहले ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचने का निर्देश दिया गया। वहीं ड्यूटी के दौरान फोन में बिजी न रहने की हिदायत भी दी गई। वीआईपी रुट प्रभारी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से पूर्व ही पूरे रूट का निरीक्षण कर लें। कमी होने पर कार्यदायी संस्थान को बताएं। इस मौके पर आईजी गढ़वाल रेंज केएस नगन्याल, डीआईजी इंटेलिजेंस दलीप सिंह कुंवर, एसएसपी देहरादून अजय सिंह, एसपी ट्रैफिक सर्वेश पंवार, एसपी सिटी सरिता डोबाल मौजूद रहे।

### बीएफटी संगठन तीसरे दिन भी धरने पर बैठा

देहरादून। मनरेगा से जुड़े बियरफुट तकनीशियन( बीएफटी ) संगठन तीसरे दिन भी गांधी पार्क के बाहर धरने पर डटे रहे। वह कमिशन में भुगतान करने के बजाए एकमुश्त मासिक मानदेय की मांग कर रहे हैं। चेतावनी दी कि अगर दीपावली तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो संगठन अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगा।

# 10 रुपये का ये पुराना नोट बना सकता है आपको लखपति, बस करना होगा ये काम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 06 सितम्बर : दोस्तों हमारे में से बहुत कुछ लोग ऐसे है जिनको पुरानी चीज़े रखने का बहुत ज्यादा शोक होता है , लेकिन कई बार ये शोक आदमी के फायदे का सोदा भी बन जाता है . पहले का जमाने में 10 पैसे और 20 पैसे चलते थे लेकिन उनकी आज कोई वैल्यू नहीं है , लेकिन कुछ पुराने नोटों में ऐसी खासियत है की वो लाखो कमा कर दे सकते है . यदि आपके पास पुराना 10 का नोट है तो दोस्तों खुश हो जाये आप इस नोट के जरिये लाखों रुपये कमा सकते है . लेकिन इस नोट में कुछ खासियत होनी चाइये , तो चलिए आपको बताते है वो क्या होनी चाहिए.

देखिये कोई भी आम नोट के लिए कुछ भी पैसा नहीं देंगा लेकिन अगर आप ये जानना चाहते है की वो क्या खासियत है तो दोस्तों आपको बता दे की उस 10 के नोट में 786 लिखा होना जरूरी है . साथ में ये नोट है जो काले रंग में आता है और उसमे नाव की तस्वीर छपी होनी जरूरी है . क्योंकि इस प्रकार के नोट स्पेशल केटेगरी में आते है और रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया इस नंबर का सिर्फ एक नोट ही जारी करती है इसलिए ये नोट ख़ास हो जाता है .

आज के युग में कोई भी चीज असभव ही नहीं रह गयी है क्योकि आज का समय डिजिटल जमाना है , बहुत से ऑनलाइन प्लेटफार्म ऐसे है जहा पर हम इस नोट को बेच सकते है . इसलिए लिए हमे उस प्लेटफार्म पर जा कर उस 10 के नोट की तस्वीर और सब डिटेल फिल करनी होगी . जैसे ही खरीदार इसको देखेंगा वो आपसे संपर्क कर लेगा और बता देंगा की इस नोट के में आपको इतने रुपये दे सकते हु .अब आपके दिमाग में ये आ रहा होगा की वो कोन कोन सी वेबसाइट है जहा पर हम इस नोट को बेच सकते है तो आपको बता दे की फ्लिपकार्ट , अमेज़न सब जगह आप बेच सकते है . इसलिए आप कोई भी पुरानी चीज़ फेकने से पहले 10 बार सोचना और अपने पास इकठा करना .



# ज्यादा देर तक फोन चलाना छीन सकता है आंखों की रोशनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 अक्टूबर , अगर आप भी दिनभर अपने मोबाइल फोन से चिपके रहते हैं तो अलर्ट हो जाइए. क्योंकि यह आपकी आंखों की रोशनी भी छीन सकता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स भी स्मार्टफोन के साइड इफेक्ट्स से सावधान करते हैं. क्योंकि इससे जुड़ी समस्याएं काफी गंभीर (Smartphone Side Effects) हैं. ज्यादा फोन चलाने से सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फोन की स्क्रीन के संपर्क में ज्यादा रहना खतरों से भरा हुआ है. बच्चों में इसकी वजह से ग्लूकोमा की बीमारी तेजी से बढ़ रही है.जानें ज्यादा फोन चलाना क्यों खतरनाक है...

**स्मार्टफोन से आंखों को बचाएं**

ज्यादा देर तक मोबाइल फोन चलाने से आंखों की रोशनी पर निगेटिव असर पड़ता है. इसकी वजह से ड्राई आइज की समस्या हो सकती है. आपकी यह आदत ग्लूकोमा के खतरे को भी बढ़ा सकता है, जो अंधेपन का कारण भी बन सकता है. स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट्स आंखों के लिए खतरनाक होती हैं.

**फोकस करने में परेशानी**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, स्मार्टफोन की आभासी दुनिया दिमाग को विचलित कर सकती है. यह दिमाग पर बुरा असर छोड़ सकती है. यह भ्रम की स्थिति भी पैदा कर सकता है. ऐसे बच्चे तो ज्यादा देर तक मोबाइल पर समय बिताते हैं, उनका फोकस पढ़ाई पर सही तरह नहीं बन पाता है.

**मेंटल हेल्थ पर असर**

स्मार्टफोन पर वीडियो गेम और दूसरे ऐप का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों में स्ट्रेस और डिप्रेशन बढ़ाने वाला हो सकता है. यह मेंटल हेल्थ को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है. लगातार फोन के इस्तेमाल से सिरदर्द और माइग्रेन का खतरा बढ़ा सकता है. इसलिए दिमाग को बेहतर रखने के लिए स्क्रीन टाइम को कम करना चाहिए.

**स्मार्टफोन को लेकर अलर्ट**

एक्सपर्ट्स मोबाइल फोन के खतरों से अलर्ट करते हैं. उनका कहा है कि इसका लंबे समय तक बुरा असर देखने को मिल सकता है. इसलिए रात में सोने जाने के करीब एक घंटे पहले स्क्रीन से बचना चाहिए. नोटिफिकेशन मैनेज करें, ताकि बार-बार फोन का इस्तेमाल न करना पड़े. इसके अलावा मोबाइल पर आई प्रोटेक्शन भी लगाएं, जिससे आंखों को इसके नुकसान से बचाया जा सके.




# रंगीले भारत की अनोखी शादी में दुल्हन भगाई परम्परा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 अक्टूबर , दिल्ली, मुंबई, जैसे बड़े शहरों में युवाओं का शादी से पहले एक दूसरे के साथ, एक ही घर में रहना काफी आम बात हो चुकी है. इसे लिव-इन रिलेशनशिप कहते हैं. हालांकि, छोटे शहरों में इसे आज भी पाप की तरह देखा जाता है और कई युवाओं को तो अपने घर में इसके बारे में छुपाना भी पड़ता है. अगर बात गांव की हो, तो ऐसी परंपरा के बारे में सुनकर तलवारें तन जाती हैं. पर क्या आप जानते हैं कि भारत में एक जगह ऐसी भी है, जहां लिव-इन रिलेशनशिप (Live In Relationship in Indian tribe) में रहना बेहद आम बात है और माता-पिता खुद इसकी इजाजत अपने बच्चों को देते हैं. यही नहीं, यहां औरतें शादी से पहले ही मां भी बन जाती हैं.

**मेले से पार्टनर के साथ भाग जाते हैं लोग**

हम बात कर रहे हैं राजस्थान और गुजरात में रहने वाली जनजाति गरासिया (Garasia tribe live-in relationship) की. इस जनजाति (Women become mother before marriage) की परंपरा को करीब से देखने पर आपको मॉडर्न जमाने के लिव-इन रिलेशनशिप की झलक देखने को मिलेगी. इस जनजाति में पुरुष और महिला बिना शादी के साथ रह लेते हैं और महिलाएं शादी से पहले मां भी बन जाती हैं. औरतों को ये हक होता है कि वो अपने मन मुताबिक लड़का चुन सकें.

**मॉडर्न जमाने के लिव-इन रिलेशनशिप की झलक**

शादी के लिए यहां दो दिनों का गौर मेला लगता है. इस मेले में लड़के-लड़कियां जुटते हैं और अगर उन्हें कोई पसंद आ जाता है तो वो उसके साथ मेले से भाग जाते हैं. फिर वो बिना शादी किए ही एक दूसरे के साथ रहने लगते हैं. इस दौरान उनका बच्चा भी हो सकता है जो उनके इच्छा के मुताबिक ही होता है. तब वो अपने गांव लौटते हैं और माता-पिता धूमधाम से उनकी शादी करवाते हैं. वो चाहें तो बिना शादी किए भी रह सकते हैं.

**इस वजह से लिव-इन में रहने की शुरू हुई प्रथा**

इस जनजाति में लिव-इन में रहने की प्रथा सालों पुरानी है. माना जाता है कि सालों पहले इस जनजाति के 4 भाई कहीं और जाकर रहने लगे. इनमें से 3 लोगों ने भारतीय तौर-तरीकों से शादी की पर एक भाई शादी किए बिना ही किसी लड़की के साथ लिव-इन में रहने लगा. उन तीनों भाइयों की कोई संतान नहीं हुई पर चौथे भाई की संतान पैदा हुई. बस तब से ही यहां लिव-इन में रहने की परंपरा शुरू हो गई है. रिपोर्ट्स के अनुसार गरासिया औरतें अगर चाहें तो दूसरे मेले में, पहले पार्टनर के होते हुए, दूसरा पार्टनर भी चुन सकती हैं.


साभार - सो.मी.

# एसीएस आनंद बर्द्धन ने बैंक के एन.पी.ए. कम करने के दिए निर्देश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 6 अक्टूबर , अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 86वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने नाबार्ड द्वारा प्रकाशित ₹स्टेट लेवल बैंकिंग प्लान ऑन गोट फार्मिंग₹ नामक पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि केंद्र एवं राज्य द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण संबंधित योजनाओं के अंतर्गत बैंक एवं संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर आम जन को तय समय पर ऋण उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा समस्त बैंक लम्बित ऋण आवेदन पत्रों का तय समय पर निस्तारण करें। विभिन्न योजनाओ के अंतर्गत ऋण आवेदन पत्रों के निस्तारण हेतु बैंक, बैंक सखी एवं विभाग का सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने कहा ऋण आवेदन के क्षेत्र पर सभी बैंक नो-पेंडेंसी के वर्क कल्चर को अपनाएं। बैंकों द्वारा जिन भी ऋण आवेदन पत्रों को अस्वीकारा गया हो, उनका पुनः आंकलन किया जाए।



अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने निर्देशित करते हुए कहा कि बैंक अनुचित कारणों से ऋण आवेदन पत्रों को निरस्त ना करें। त्रुटियों के निराकरण करने हेतु आवेदकों से सम्पर्क करें तथा ऋण आवेदन पत्रों का निष्पादन करें। रोज़गार सृजन ऋण योजनाए पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, एन.यु.एल.एम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास ( होम स्टे) योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, पीएम स्वानिधि योजना में तय किए गए निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करें। जिससे लोगो को रोजगार के अवसर प्रदान हो। उन्होंने कहा स्टीयरिंग सब कमेटी , ग्रामीण विकास बैंकर्स स्थाई समिति एवं और स्थापना विकास बैंकर्स स्थाई समिति की बैठके तय समय पर नियमित रूप से हो।

अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि बैंक स्थानीय स्तर पर भी प्रशासन से समन्वय करते हुये बैंक के एन.पी.ए. कम करने का प्रयास करें। साथ ही जिन जिलों में ऋण जमा अनुपात काम हो, सभी जिलों में ऋण जमा अनुपात बढ़ाने हेतु क्रेडिट आउटरीच कैंपों को अयोजन हो। उन्होंने कहा बैंकिंग सेवाओं से अनाच्छादित क्षेत्रों को शीघ्र आच्छादित किया जाए। अधिकाधिक खाताधारकों को बैंको में सामाजिक सुरक्षा योजना एवं जन सुरक्षा योजनाओं हेतु आच्छादित किया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाए।

बैठक में बैंक प्रतिनिधियों ने बताया गया कि जून, 2023 तक राज्य में 34.34 लाख पी.एम.जे.डी.वाई. खाते खोले गये हैं। पी.एम.एस.बी.वाई. योजना अंतर्गत 30.07 लाख, पी.एम.जे.जे.बी.वाई. योजना अंतर्गत 8.82 लाख तथा अटल पेंशन योजना अंतर्गत 6.21 लाख खाताधारकों को आच्छादित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय फेज में राज्य के समस्त जिलों के 32 केन्द्रों में प्रायोजक बैंकों (भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से CRISIL Foundation (implementing NGO) द्वारा वित्तीय साक्षरता केन्द्र (CFL) की स्थापना की गयी है, जो कि 95 ब्लाक को कवर कर रहे है।

बैठक में बताया गया कि वार्षिक ऋण योजना 2023-24 के प्रथम त्रैमास में प्राथमिकता क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य ₹ 34939 करोड़ के सापेक्ष बैंकों द्वारा ₹ 13494 करोड (39%) की प्रगति दर्ज की गयी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम त्रैमास में राज्य का ऋण जमा अनुपात 52 प्रतिशत है। राज्य में बैंकों द्वारा 4812, इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा 153 तथा सी.एस.सी. द्वारा 1082 बी.सी. नियुक्त किये गये हैं। राज्य में कुल 6047 बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट कार्यरत हैं। जन सुरक्षा योजनाओं हेतु संतृप्तता अभियान के अंतर्गत दिनांक 30.09.2023 तक कुल ग्राम पंचायत 7791 में से 7143 ग्राम पंचायत को कवर किया गया है, जो कि कुल ग्राम पंचायत का 92 प्रतिशत है।

बैठक में सचिव दिलीप जावलकर, अपर सचिव ग्राम्य विकास आनंद स्वरूप, अपर सचिव पर्यटन पूजा गर्ब्याल, अपर सचिव नितिन भदौरिया, क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई श्रीमती लता विश्वनाथन, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड विनोद कुमार बिष्ट, श्री पंकज गुप्ता अध्यक्ष इन्डस्ट्रीज एसोसियेशन ऑफ उत्तराखंड, मुख्य महाप्रबंधक एसबीआईश्री कल्पेश कृष्णकांत अवासिया, महाप्रबंधक एसबीआई श्री दिगविजय सिंह रावत, श्री राजीव रत्न श्रीवास्तव, श्री अमरेंद्र कुमार, श्री राजीव पंत, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# डॉ तृप्ति ने अमृत वाटिका के लिए 101 गांवों से मिट्टी लेने का लिया संकल्प

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 06 अक्टूबर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमृत वाटिका के लिए 101 गांवों की मिट्टी एकत्रित की जाएगी। जिसके लिए माया देवी एजुकेशनल फाउंडेशन और माया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की प्रबंध निदेशक डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल ने अमृत कलश यात्रा के तहत इसकी पहल की है।डॉ तृप्ति ने बताया कि 101 गांवों की मिट्टी से अमृत कलश यात्रा निकलने का लिया संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ₹मेरी माटी मेरा देश₹ अभियान के तहत उत्तराखंड के 101 गांवों की मिट्टी एकत्र करने का अभियान शुरू किया गया। जो 2 अक्टूबर से शुरू होकर 25 अक्तूबर को संपन्न होगा।



24 दिन चलने वाली यात्रा का शुभारंभ महासू मंदिर, हनोल से पुरोला, बड़कोट, विकासनगर, चंबा, टिहरी, श्रीनगर, पौडी, कोटद्वार, हरिद्वार, ऋषिकेश होते हुए टपकेश्वर मंदिर, देहरादून में समाप्त होगी। यह हमारे भारत देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हजारों गांवों की मिट्टी जब दिल्ली में अमृत वाटिका में समर्पित की जायेगी तब यह वास्तव में देश की अखंडता का सच्चा उदाहरण होगा।डॉ तृप्ति ने बताया कि मैं भारत देश के नागरिक होने का कर्तव्य निभते हुए उत्तराखंड राज्य के 101 गांवों से मिट्टी लाकर प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा बनाया जा रही अमृत वाटिका में प्रदान करूंगी। शहीदों और शिल्पकारों के घरों से मिट्टी करेंगे एकत्रित डॉ. तृप्ति ने बताया कि मिट्टी विद्यालयों, मंदिरों, शिल्पकारो, वीर शहीदों के घरों से एकत्र की जाएगी।

प्रथम चरण में महासू देवता मंदिर, हनोल वन्दे मातरम फाउंडेशन, कंडियारी गांव पुरोता, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, गुडियत गांव पुरोता, राजकीय इंटर कॉलेज, पुरोला, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पुरोला, एसडीएम निवास, पुरोला लाखा मंडल सरस्वती विद्या मंदिर, मुंगेरा, नौगांव, ग्राम पंचायत विनागडेरा मल्ला, पुरोला, ग्राम पंचायत सोंदनी, पुरोला से मिट्टी लाई जा चुकी है। बृहस्पतिवार को विकासनगर सहसपुर के 10 गाँव से मिट्टी एकत्रित करेंगे।

उन्होंने बताया 25 अक्टूबर को देहरादून में एक एक भव्य समारोह किया जाएगा। 28 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में हम यह मिट्टी प्रधानमंत्री मोदी जी को प्रदान करेंगे।

# आखिर ट्रेन ड्राइवर को क्यों पकड़ाया जाता है लोहे का छल्ला




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 06 अक्टूबर : रेल गाड़ी में सफर के दौरान अक्सर पैसेंजर को रेलवे से जुड़ी नियम और पुरानी बाते जानने को मिलती रहती है। जहाँ अकसर देखते होंगे जब भी रेलगाड़ी स्टेशन पर आती है। तब आप देखते होंगे रेलवेकर्मी प्लेटफॉर्म पर खड़ा होकर रेल के ड्राइवर को लोहे का छल्ला देता है। जहाँ इसे देखने के बाद कई लोगो के जहन में आता होगा कि आखिर ये क्या चीज है और किस काम आती है?

आपकी जानकारी के लिए बता दे कि यह टोकन एक्सचेंज सिस्टम है। हालांकि, इसका चलन अब धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है, परन्तु देश के कई हिस्सों में आज भी इसका उपयोग किया जाता है। ट्रेन के ड्राइवर को दिए जाने वाला यह लोहे का छल्ला, टोकन एक्सचेंज सिस्टम कहलाता है। आगे हम आपको इस बारे में विस्तार से बताएंगे।आपकी जानकारी के लिए बता दे कि टोकन एक्सचेंज सिस्टम का उपयोग ट्रेनों के सुरक्षित और बेहतर परिचालन के लिए किया जाता है। यह तकनीक अंग्रेजों के जमाने से चलती आ रही है। आज से पहले ट्रेन ट्रैक सर्किट नहीं हुआ करते थे। अब ऐसे में टोकन एक्सचेंज सिस्टम के द्वारा ही रेलगाड़ी सुरक्षित तरीके से सफर तय कर रेलवे स्टेशन पर अपनी यात्रियों को लेते हुए पहुँचती थी।आज से पचास -साठ वर्ष पूर्व रेलवे के पास वर्तमान समय की तरह मॉर्डन टेक्नोलॉजी नहीं थी। इसलिए कई तरीकों का उपयोग कर रेल सुरक्षित स्टेशन पर पहुँचती थी। शुरुआत में केवल सिंगल और छोटा ट्रैक हुआ करता था। जहाँ दोनों तरफ से आने -जाने वाली रेलगाड़ियों को एक ही ट्रैक पर चलाया जाता था। ऐसी स्थिति में ट्रेनों की टक्कर की घटनाओं को रोकने के लिए टोकन एक्सचेंज सिस्टम का उपयोग किया जाता था। इस स्टील रिंग में एक बॉल होता है, जिसे रेलवे की भाषा में टेबलेट कहा जाता है। इस बॉल को स्टेशन पर लगे 'नेल बॉल मशीन' में डाला जाता है। हालांकि, अब टोकन एक्सचेंज सिस्टम के स्थान पर ट्रैक सर्किट का उपयोग किया जा रहा है।

## कार दुर्घनाग्रस्त, एक शिक्षक सहित 07 बच्चे घायल; 03 हायर सेंटर रेफर

अल्मोड़ा । नगर के समीप टाटिक गाँव में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें एक शिक्षक और 07 बच्चे घायल हो गए। सभी को बेस अस्पताल भर्ती कराया गया जिनमें से तीन बच्चों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह टाटिक सडक़ अल्मोड़ा के पास एक टियागो कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गई जिसमें स्कूल के बच्चे सवार थे। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार के नेतृत्व में प्रभारी चौकी एनटीडी उपनिरीक्षक बिशन लाल, प्रभारी चौकी धारानौला उपनिरीक्षक दिनेश परिहार, डायल 112 टीम सहित कोतवाली अल्मोड़ा का पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर स्कूल के 07 बच्चे व वाहन चालक कार दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल थे। पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को खाई से निकालकर उपचार हेतु एम्बुलेंस व प्राईवेट वाहनों से बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा पहुँचाया गया।

घायलों में गंभीर रुप से घायल 03 बच्चों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। कार दुर्घटना के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय मैथानी के अध्यापक प्रकाश चंद जोशी अपनी निजी कार से स्कूल के 7 बच्चों पीयूष पलानी, दक्ष नैनवाल, मयंक पाली, दीपांशु आर्य, आयुष आर्य, नेहा आर्य व लीला आर्य को खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु खैरदा पौधार गांव ले जा रहे थे, इस दौरान कार टाटिक के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर गई जिससे वाहन में सवार बच्चे व वाहन चालक (शिक्षक) घायल हो गये थे, पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी घायलों का रेस्क्यू कर उपचार हेतु एम्बुलेंस व प्राईवेट वाहनों से बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा पहुंचाया गया जहाँ उनका उपचार चल रहा है।

# उत्तराखंड में निकली होमगार्ड की भर्ती, पढ़िए पूरी जानकारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 06 अक्टूबर : होमगार्ड भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए मैदान में दमखम दिखाने का वक्त आ गया है। कुछ समय पहले प्रदेश में महिला होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई और अब पुरुष होमगार्ड की भर्ती शुरू करने का प्रस्ताव है। शासन से मंजूरी मिलते ही इस दिशा में काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि प्रदेश में होमगार्ड के 6411 पद स्वीकृत हैं। इनमें सापेक्ष 5600 से अधिक होमगार्ड तैनात हैं। प्रदेश सरकार ने कुछ समय पहले ही 300 महिला होमगार्ड की भर्ती परीक्षा शुरू की है।

इस तरह प्रदेश में अभी भी होमगार्ड के 500 से अधिक पद खाली चल रहे हैं। जिलों की ओर से होमगार्ड के पदों को भरने की मांग की जा रही है। इसे देखते हुए अब इन पदों को भरने की कवायद चल रही है। इसके तहत पहले चरण में 300 पदों को भरा जा सकता है। इसके लिए शासन स्तर पर कवायद चल रही है। फिलहाल ये देखा जा रहा है कि स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने होमगार्ड काम कर रहे हैं, और किन जिलों में होमगार्ड की कितनी जरूरत है।

होमगार्ड की भर्ती के मानक भी बनाए जा रहे हैं, ये मानक महिला कर्मियों से थोड़ा अलग होंगे। इसमें शैक्षिक योग्यता व शारीरिक माप के मानक भी बदले जा सकते हैं। अभी शासन में इस पर कार्यवाही चल रही है। प्रस्ताव को लेकर शासन में मंथन चल रहा है। जल्द ही इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है .

बता दें कि प्रदेश में होमगार्ड का मुख्य कार्य पुलिस के सहायक के रूप में कार्य करना है। इसके तहत उन्हें सार्वजनिक व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा बनाने, आपातकाल के समय व आवश्यक सेवाओं की व्यवस्था में सहयोग करना होता है।

विभिन्न मेलों, त्योहारों, यातायात, शांति व्यवस्था, यात्रा सीजन, बोर्ड परीक्षाओं व चुनाव के दौरान भी यह अपना योगदान देते हैं। राज्य में होमगार्ड सचिवालय समेत कई विभागों में अपनी सेवा दे रहे हैं।





साभार - सो.मी.

# राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला-2023 के तीसरे दिन की शुरूआत ज़ोरदार







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मेले में कल बुधवार सांय तक दो दिन में स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉलों के माध्यम से अपने उत्पादों की लगभग 13 लाख तक की बिक्री गई।

जनपद टिहरी क्षेत्रान्तर्गत पूर्णानन्द खेल मैदान मुनि की रेती में दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर, 2023 तक दस दिवसीय राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के तीसरे दिन गुरूवार को पहले सत्र में रमन सेवा समिति तपोवन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई तथा ग्राम्य विकास विभाग, उरेडा विभाग के गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किये गये। द्वितीय सत्र में सूचना विभाग की जौनपुर कला मंच, संस्कृति विभाग की सुर सरिता सांस्कृतिक एवं सामाजिक तथा युवा कल्याण विभाग की खुशी चैरिटेबल संस्थान के सांस्कृतिक दलों के कलाकारों तथा शिक्षा विभाग के रा.प्रा.वि. ढालवाला द्वारा लोक नृत्य, लोक गायन के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां दी गई। वहीं मेले में जिला युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसके तहत गुरूवार को महिला/युवक मंगल दल जाखणीधार द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई।

गुरूवार को सरस आजीविका मेले में जिला सेवायोजन कार्यालय तथा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना टिहरी गढ़वाल के संयुक्त तत्वाधान में एक वृहद् रोजगार मेले का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर 54 पुरूष एवं 38 महिलाओं द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में 31 प्रतिष्ठित कम्पनियों/नियोजकों के द्वारा लगभग 03 हजार 38 विभिन्न रिक्तियों/पदों के सापेक्ष चयन की प्रक्रिया की गई। इनमें डेवलेपमेंट मैनेजर, लैब कैमिस्ट, मशीन ऑपरेटर, मैनेजर, सेल्स इक्जीक्यूटिव, फिटर, वेल्डर, ड्राइवर, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, इलेक्ट्रीशियन, आई.टी.आई. ट्रेनी, नेशनल एप्रैन्टिस (आईटीआई/डिप्लोमा), सेल्स मैनेजर, सेल्समैन शामिल है प्रबन्धक राज्य मिशन एनआरएलएम रोहित सिंह ने बताया कि मेले में उत्तराखण्ड सहित देश के विभिन्न राज्यों के अब तक 138 स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने स्टॉल स्थापित किये गये हैं, जिसमें उत्तराखण्ड के 95 तथा अन्य राज्यों के 43 स्टॉल शामिल हैं। इसके साथ ही मेले में अन्य विभागों द्वारा भी विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के 50 स्टॉल स्थापित किये गये हैं। विधायक देवप्रयाग विनोद कण्डारी द्वारा किया गया सरस मेले में प्रतिभाग। इस अवसर पर उनके द्वारा स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल का निरीक्षण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर डीडीओ सुनील कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, डीटीडीओ अतुल भण्डारी, डीईओ वी.के. ढौंडियाल, ईई एमआई बृजेश गुप्ता, डीओ पीआरडी पंकज तिवारी, जिला साहसिक खेल अधिकारी के.एस. नेगी सहित अन्य गणमान्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सांस्कृतिक दल, महिला/युवक मंगल दल, स्वयं सहायता समूह, स्कूली बच्चे एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे।06 अक्टूबर, 2023 को सांय 06 बजे से लोक गायक गढ़रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके साथ ही ग्राम्य विकास विभाग, सूचना विभाग, संस्कृति विभाग, शिक्षा विभाग, युवा कल्याण विभाग आदि के तत्वाधान में गोष्ठियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें।

## कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज को खाटवा मंदिर आने का न्योता दिया

विकासनगर । चकराता के दुर्गम गांव खाटवा स्थित महासू मंदिर समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से भेंट कर उन्हें गांव आने का निमंत्रण दिया है। मंत्री ने आगामी 25 से 30 अक्टूबर के बीच आने का आश्वासन दिया है। मन्दिर समिति के बजीर राजेन्द्र रावत ने बताया मन्दिर समिति और ग्रामीणों ने देहरादून स्थित महाराज के आवास पर पहुंचे। बताया कि कि तीन वर्ष पूर्व गांव में मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया था। अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में गांव के स्थित होने से यहां ज्यादा लोग पहुंच भी नही पाते है। उन्होंने मंत्री से गांव आकर महासू महाराज के दर्शन कर उनकी समस्याओं को देखने की बात भी कही है। इस मौके पर देव बजीर राजेन्द्र रावत, देव पुजारी कृपाराम शर्मा, खत स्याणा शुरबीर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष क्वासी दिवान राणा, भागीराम, राकेश भटट, विरेन्द्र चौहान, अमित चौहान, श्यामदत्त डोभाल, मुकेश राणा, कुंवर सिंह राणा, मेहन्द्र चौहान, सन्दीप स्याणा आदि उपस्थित थे।

## विकास कार्यों के लिये धन की कमी नहीं होगी:अग्रवाल

ऋषिकेश। शहरी विकासमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं होगी। अग्रवाल सेवा पखवाड़े के तहत गुमानीवाला में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने विभिन्न मार्गो के निर्माण के लिये विधायक निधि से 10 लाख और 30 स्ट्रीट लाइटें देने की घोषणा की। कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास ही उनकी प्राथमिकता है। गुरुवार को सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित संपर्क अभियान कार्यक्रम में मंत्री अग्रवाल गुमानीवाल पहुंचे। यहां उन्होंने क्षतिग्रस्त सडकों के निर्माण के लिये धनराशि देने की घोषणा की। गुमानीवाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कर अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के साढ़े नौ सालों में सडक, रेल, हवाई कनेक्टिविटी का देश में तेजी से विस्तार हुआ। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए है।

## हरिद्वार में किसी भी सूरत में न हो बालश्रम: एडीएम

हरिद्वार । एडीएम पीएल शाह ने कहा कि जिले में किसी भी सूरत में बाल श्रम नहीं होना चाहिए। बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के अधीन ऐसी जगहों का स्थलीय निरीक्षण और सर्वे किया जाए, जहां पर बालश्रम होने की संभावना है। कलक्ट्रेट सभागार में जिला कार्यबल व बालश्रम बचाव दल/किशोर श्रम उन्मूलन एवं जनपद स्तरीय बंधुवा श्रम सतर्कता समिति की बैठक हुई। एडीएम ने कहा कि ऐसे संभावित प्रतिष्ठानों या नियोजकों से बाल श्रम मुक्त अभियान या बाल श्रम न करवाने के संबंध में शपथ पत्र लिया जाए। उन्होंने ये भी निर्देश दिए कि हर औद्योगिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के गेट पर बाल किशोर श्रम नियोजित करना दंडनीय अपराध है। ऐसे पोस्टर और बोर्ड लगवाए जाएं। बैठक में सदस्य जितेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, एमसी मैठानी, अंजनी सैनी, नीलम चौहान, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, अविनाश सिंह भदौरिया, आरके सिंह आदि शामिल रहे।

## 11 इंस्पेक्टर, आठ सब इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

हरिद्वार। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने जिले में एसओ-इंस्पेक्टरों के देर रात तबादले किए। 12 थाने,कोतवाली प्रभारियों की कुर्सी हिलाते 11 इंस्पेक्टर व आठ सब इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट अब मंगलौर के कोतवाली प्रभारी होंगे। वहां कोतवाल रहे महेश जोशी को पुलिस कार्यालय में तैनाती दी गई है। भगवानपुर में तैनात प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण को लक्सर कोतवाली भेजा गया है। पथरी में तैनात इंस्पेक्टर रमेश तनवार अब इंस्पेक्टर भगवानपुर होंगे। लक्सर कोतवाल अमरचंद शर्मा को कनखल इंस्पेक्टर का दायित्व दिया गया है। एसओजी प्रभारी विजय सिंह को कोतवाली प्रभारी ज्वालापुर और यहां से इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा को एसएसपी के वाचक की जिम्मेदारी दी गई है। इंस्पेक्टर ऐश्वर्य पाल को प्रभारी हाईकोर्ट सेल से सीआईयू प्रभारी हरिद्वार, रुडकी सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी मनोज मैनवाल को प्रभारी हाईकोर्ट सेल, एसएसपी के वाचक आरके सकलानी को कोतवाली प्रभारी सिविल लाइंस रुडकी, बहादराबाद इंस्पेक्टर रविंद्र शाह को कलियर , एसओ कनखल नितेश शर्मा को एसओ श्यामपुर, एसओ खानपुर मनोहर भंडारी को एसओ सिडकुल, नरेश राठौर को सिडकुल से एसओ बहादराबाद , कलियर से जहांगीर अली को प्रभारी सीआईयू रुडकी, एसओ श्यामपुर विनोद थपलियाल को एसओ खानपुर, रुडकी सीआईयू प्रभारी रविंद्र कुमार को एसओ पथरी, हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी अंकुर शर्मा को एसओ झबरेड़ा और यहां से एसओ धर्मेंद्र राठी को एसआईएस शाखा भेजा गया है।

# रुड़की : चैनल रिचार्ज कराने का झांसा देकर खाते से उड़ाए 2.89 लाख रुपए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 06 अक्टूबर : रुड़की से धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी से तकरीबन 3 लाख की ठगी कर ली, और यह ठगी डिज़्नी हॉटस्टार रिचार्ज करने का झांसा देकर की गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दरअसल सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के सोलानीपुरम निवासी पीड़ित अनिल शर्मा रेलवे ने बताया कि वह सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं।




अनिल शर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले उन्होंने डिज्नी हॉटस्टार चैनल रिचार्ज किया था।किसी वजह से यह चैनल रिचार्ज नहीं हो पाया था। इसके चलते उन्होंने गूगल पर जाकर चैनल का टोल फ्री नंबर लेकर उसपर कॉल किया था। कॉल रिसीव करने वाले ने अपना नाम गौतम मिश्रा बताया था। उसने बताया था कि उन्हें कुछ देर के लिए अपना टीवी ऑन रखना पड़ेगा। इसके बाद उसने कहा कि वह उनके मोबाइल नंबर पर एक लिंक भेजेगा। इस लिंक को ओपन करने के बाद उनका चैनल चालू हो जाएगा। उसकी बातों में आकर सेवानिवृत्त कर्मचारी ने लिंक ओपन किया। लिंक ओपन करते ही खाते से 2.89 लाख रुपये की रकम साफ हो गई। जब खाते से रकम की निकासी का मैसेज जब मोबाइल पर मिला तो उन्हें ठगी का पता चला। उन्होंने फिर से उस मोबाइल नंबर पर फोन किया, लेकिन वह बंद मिला। इसके बाद उनके होश ही उड़ गए। उन्होंने तुरंत ही पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर है। जिस नम्बर से कॉल आई थी, उसे ट्रैक किया जा रहा है।

# ज्योति रौतेला 6 अक्टूबर से करेंगी अल्मोडा लोकसभा क्षेत्र का दौरा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला कल दिनांक 6 अक्टूबर से लोकसभा क्षेत्र अल्मोडा का एक सप्ताह का सघन दौरा करेंगी। उन्होंने कहा क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में महिला कांग्रेस की बैठकें कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की जायेंगी। उन्होंने कहा केन्द्र और सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सशक्त तरिके से आवाज उठाई जायेगी।

उन्होंने कहा कि अल्मोडा लोकसभा भ्रमण के दौरान उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड की जांच सीबीआई से कराये जाने, मणीपुर में जिस तरह से महिलाओं को सरकार के नाक के नीचे निर्वस्त्र कर सड़कों पर घुमाया गया जो देश को शर्मशार करने वाला काण्ड था, अग्निवीर, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, दलितों के साथ हो रहे अत्याचार, जैसे अहम मुंद्दों को अपने भ्रमण के दौरान प्रमुखता के साथ उठाया जायेगा। उन्होंने कहा केन्द्र और राज्य सरकार महिलाओं को न्याय नही दिला पा रही है। उन्होंने कहा राज्य में भर्ती घोटाला जिसमें भाजपा के नेता स्वयं संलिप्त रहे हैं। उत्तराखण्ड की बेरी अंकिता भण्डारी काण्ड में वीआईपी का नाम अभीतक उजागर नही हो पाया, सरकार की लचर व्यवस्था के कारण डेंगू महामारी का प्रकोप लगातार बढ रहा है। केन्द्र सरकार ने अग्निवीर भर्ती जैसी योजना लाकर देश के युवाओं के साथ धोखा कर छलने का काम किया है। उन्होंने राज्य के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि भाजपा के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों में उतरकर जन आन्दोलन करें ताकि देश व राज्य में हो रहे अत्याचार का बदला लिया जा सके।

ज्योति रौतेला ने कहा कि अंकिता हत्याकाण्ड मानवता के लिए शर्मसार करने वाला तथा देवभूमि उत्तराखण्ड की अस्मिता को कलंकित करने वाली घटना है जिसके लिए दोषियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए जिससे ऐसा अपराध करने वालों को सबक मिल सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें लगातार बढती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कब तक देश व राज्य की जनता इनके जुल्मों को सहती रहेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जहॉ-तहॉ परेशान किया जा रहा है जिसे वर्दास्त नही किया जायेगा। यदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अन्याय किया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक मजबूती के साथ लड़ने का काम करेगी। ज्योति रौतेला ने कहा कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने एक और कारनाम किया है जिसमें यह निर्णय लिया गया है कि नई आबकारी नीति के तहत घर में बार खोलने के लिए लाईसेंस दिया जायेगा। सरकार का यह निर्णय देवभूमि को कलंकित करने वाला है। महिला कांग्रेस इसकी घोर निंदा करती है और इस निर्णय के खिलाफ महिला कांग्रेस आन्दोलन करेगी।

## संपादकीय



# गिरफ्तारी के निहितार्थ

दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन के बाद राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। सिसोदिया और संजय को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब घोटाले के मुख्य आरोपित माना है। सिसोदिया 26 फरवरी, 2023 से जेल में हैं और अदालत के किसी भी स्तर पर उन्हें फिलहाल जमानत नहीं दी गई है। सत्येन्द्र जैन करीब डेढ़ साल जेल में गुजारने के बाद फिलहाल स्वास्थ्य कारणों से अंतरिम जमानत पर हैं। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के ये नेता प्रमुख चेहरे हैं, लिहाजा सवाल मौजू है कि इस कड़ी में अगला नंबर किसका होगा? क्या मुख्यमंत्री केजरीवाल शराब घोटाले की साजिशों में संलिप्त पाए जाएंगे, क्योंकि सभी आपराधिक आरोपी उनके करीबी थे और उनसे मुलाकातें करते रहे थे? सांसद संजय सिंह का नाम प्रवर्तन निदेशालय के आरोप-पत्र में पहले से ही था, जिसे चुनौती देने की घुडक़ी सांसद ने जांच एजेंसी को दी थी। अंततः बुधवार, 4 अक्तूबर, को 10 घंटे की गहन पूछताछ और तलाशी के बाद ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। अब न्यायिक निर्णय अदालत के विचाराधीन है। जांच एजेंसी ने 100 करोड़ रुपए के 'मनी ट्रेरल' का जो खुलासा किया है अथवा संजय सिंह को जिन भ्रष्ट क्रियाकलापों के आधार पर आरोपित किया है, हम उसकी पुष्टि नहीं कर सकते। यह दायित्व और विशेषाधिकार अदालत का है, लेकिन कुछ सवाल और संदेह जरूर किए जा सकते हैं। दिल्ली के कारोबारी दिनेश अरोड़ा भी शराब घोटाले के आरोपित हैं, लेकिन वह 'सरकारी गवाह' बन गए हैं, लिहाजा उन्होंने जो खुलासे किए हैं, उनके आधार पर जांच-पड़ताल स्वाभाविक है। संजय सिंह और दिनेश अरोड़ा ने 'आप' के लिए चंदा जुटाने के कार्यक्रम क्यों आयोजित किए थे? सांसद के कहने पर ही 32 लाख रुपए का चेक तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को क्यों दिया गया? संजय की मध्यस्थता पर ही सिसोदिया और दिनेश की मुलाकात एक रेस्तरां में क्यों कराई गई थी? क्या सिसोदिया ने शराब नीति का मसविदा दिनेश के साथ साझा किया था? यदि ऐसा है, तो गोपनीयता उल्लंघन का दोष भी लगता है। सबसे गंभीर और संदेहास्पद सवाल यह है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल के साथ कारोबारी दिनेश की मुलाकात, संजय सिंह की मौजूदगी में ही, क्यों कराई गई थी? इन सवालों के मद्देनजर संलिप्तता और मिलीभगत की आंच मुख्यमंत्री तक भी जाती लग रही है। सवाल यह भी है कि दक्षिण के कारोबारी समूह ने 100 करोड़ रुपए की जो कथित घूस दी थी, क्या उसमें 70 करोड़ रुपए विजय नायर और 30 करोड़ रुपए दिनेश अरोड़ा को मिले? नायर 'आप' के संचार विभाग के प्रभारी थे। मुख्यमंत्री ने सत्यापित किया था कि नायर अपने ही आदमी हैं, उन पर भरोसा किया जा सकता है। 'सरकारी गवाह' ने यह भी खुलासा किया है कि संजय सिंह ने एक मामला सुलझाने में उनकी मदद भी की थी। बेशक 'आप' के किसी भी नेता ने रिश्वत के पैसे लिए अथवा नहीं, वही भ्रष्टाचार नहीं है, लेकिन आपराधिक कोशिशों में संलिप्त होना ही उन्हें 'आरोपित' बना देता है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 06 अक्टूबर : आज आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आर पी रतूड़ी के नेतृत्व में लैंसडाउन चौक पहुंच कर जोरदार नारेबाजी की तत्पश्चात केंद्र सरकार का पुतला फूंका ।इस दौरान पार्टी के उपाध्यक्ष डॉ आरपी रतूड़ी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करवाकर अपना तानाशाही चेहरा जनता के सामने दिखाया है। इस दौरान पार्टी उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ई डी को आगे कर आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेताओं को एक-एक करके टारगेट की राजनीति करते हुए गिरफ्तार कराया जा रहा है ।

**इस दौरान पार्टी उपाध्यक्ष आजाद अली ने भी केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।**

वहीं गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि देश में इस वक्त जो माहौल है उससे न सिर्फ संविधान बल्कि लोकतंत्र भी खतरे में है और भारतीय जनता पार्टी द्वारा बार-बार आप नेताओं पर योजनाबद्ध तरीके से प्रहार किया जा रहे हैं । इस दौरान प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष हिम्मत सिंह बिष्ट, प्रदेश संगठन सह समन्वयक डीके पाल प्रदेश सचिव नासिर खान ,रिहाना परवीन ,सीमा कश्यप विपिन खन्ना ,कमलेश रमन, दर्शन डोभाल, श्याम बाबू पांडे, अशोक सेमवाल, शहजाद, सुदेश सैनी ,सुशील सैनी ,राजबीरी शर्मा, सुनीता बिष्ट, दीप्ति रावत बिष्ट ,सी पी सिंह, इकबाल राव ,भजन सिंह, सतीश शर्मा, मुकेश ,संध्या चौटाला, यामिनी आले, सरिता गौतम ,आयशा खान, इकबाल टकला, राजीव तोमर, वसीम खान आदि मौजूद रहे ।

# सरकार ने तानाशाही की सारी हदें पार की : आप

देहरादून 06 अक्टूबर : आप उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष ज्योत सिंह बिष्ट ने कहा दिल्ली में हमारे नेता संजय सिंह को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया। ईडी को उनके गहरे कुछ नहीं मिला, जिसके बाद भी संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। वो हमेशा राज्यसभा में सरकार के खिलाफ मुखर होकर बोलते थे, जिसके बाद लगातार वो अपने मुद्दे खुलकर बोलते थे। आज इंडिया गठबंधन को तोड़ने के लिए भाजपा सरकार के रडार पर कई बड़े नेता हैं। लेकिन हम भाजपा के खिलाफ होकर जेल जाने को तैयार हैं। इस सरकार में खुलकर बोलने वाले नेताओं और जनता के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने प्रदेश में शिक्षा की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं, जिसमे उपाध्यक्ष राजेश बिष्ट ने शिक्षा के गिरते स्तर के खिलाफ मामला कोर्ट तक ले गए।

# उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग में 34 प्रकरणों पर की सुनवाई, 13 शिकायतों का किया निस्तारण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 06 अक्टूबर : उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग में 34 प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए 13 शिकायती प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सुनवाई बैठक डॉ0 आर के जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, सुनवाई में मजहर नईम नवाब मा० उपाध्यक्ष गण, गुलाम मुस्तफा, बरीश असगर अली संतोख सिंह नागपाल भा० सदस्य गणों, जे.एस. रावत सचिव, अल्पसंख्यक आयोग एवं शमा परवीन, वैयक्तिक सहायक, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग उपस्थित रहे।



सुनवाई में कु0 सना परवीन पुत्री मोहम्मद रईस अहमद निवासी नियाज गज, अल्मोड़ा उत्तराखण्ड के शिकायती प्रकरण में कुल सचिव, कुमांऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल के मा० आयोग के समक्ष उपस्थित न होने, अजीम पुत्र स्व0 नसीम अहमद निवासी अपर बाजार जोशीमठ थाना पोस्ट- जोशीमठ, जिला- चमोली के नगर पालिका परिषद, जोशीमठ में दुकान आवंटित संबंधित शिकायती प्रकरण में उपजिलाधिकारी, जोशीमठ के मा० आयोग में उपस्थित न होने शमशुल हसन पुत्र अता हुसैन निवासी सिरौलीकला, थाना-पुटभट्टा, किच्छा, जिला- ऊधमसिंहनगर के ऋण सबंधी शिकायती प्रकरण में लीड बैंक अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक, ऊधमसिंहनगर व शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बडौदा, सिरौलीकला के उपस्थित न होने, सलीम खां पुत्र स्व० मुस्ताक खान निवासी वार्ड नं0-26. सीरगोटिया, रूद्रपुर जनपद ऊधमसिंहनगर के शिकायती प्रकरण में नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के उपस्थित न होने, वरीश उर्फ राव कालेखा सदस्य उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, निवासी- बहेड़ी, राजपुतान, पोस्ट मौरी तहसील रूड़की हरिद्वार के एन एच विभाग से एन.ओ०सी० जारी न किये जाने संबंधी शिकायत में निदेशक, एन.एच विभाग, रूड़की के उपस्थित न होने के कारण डॉ० आर०के०जैन, माा० अध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसख्यक आयोग द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 03 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण सहित मा० आयोग के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिये गये, अन्यथा की स्थिति में उक्त संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये गये।

इसके साथ ही हसन अली पुत्र राशीद निवासी ग्राम पुहाना, पो० सालियर, तहसील भगवानपुर हरिद्वार के भैंसे की ढेरी हेतु लिये गये ऋण की अदायगी कोरोना काल के कारण समयान्तर्गत न करने तथा वर्तमान में आर्थिक स्थिति अत्यन्त दयनीय होने के कारण लीड बैंक अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक, हरिद्वार को शिकायतकर्ता की उक्त स्थिति के दृष्टिगत लिये गये ऋण पर लगाये गये ओवर डयूज/ इंटरेस्ट को माफ करते हुए वनटाइम सेटलमेट योजना का लाभ देते हुए शिकायतकर्ता की समस्या का हर संभव समाधान किये जाने के निर्देश मजहर नईम नवाब, मा० उपाध्यक्ष द्वारा दिये गये। इसी प्रकार मेहरवान पुत्र हाशिम निवासी ग्राम बोडाहेडी, सहदेवपुर हरिद्वार के विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए जुर्माने की पुनः निर्धारण धनराशि के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता की आर्थिक विपन्नता के दृष्टिगत जुर्माने की धनराशि को काम करते हुए किस्तो के रूप में जमा कराये जाने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता, विद्युत विभाग, खण्ड, ज्वालापुर, हरिद्वार को दिये गये।

तनवीर हाशिर, प्रवक्ता रसायन विज्ञान, रा०इका० चिल्हाड़, देहरादून स्थाई निवासी लाल कोठी, चन्द्रबनी निकट वाइल्ड लाइफ कालोनी, मोहब्बेवाला, देहरादून के शिकायती प्रकरण में 20 वर्षों की सेवा दुर्गम क्षेत्र में तथा पत्नी द्वारा 10 वर्ष की सेवा अतिदुर्गम क्षेत्र में पूर्ण किये जाने के उपरान्त भी शिक्षा विभाग द्वारा स्थानान्तरण एक्ट 2017 की धाराओं को अतिक्रमित करते हुए दुर्गम से सुगम के नाम पर प्रार्थी का जनपद देहरादून से 200 किलोमीटर दूर बडखोलू, ब्लॉक कजरीखाल, पौड़ी में किये जाने के सम्बन्ध में मजहर नईम मा० उपाध्यक्ष द्वारा प्रकरण में स्थानान्तरण से पूर्व कॉलेज / विद्यालयों में रिक्त पदों की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश निर्देशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, देहरादून को दिये गये। चौधरी गुफरान अहमद, पुत्र स्व० हाजी बरकत अली, निवासी-शंकरपुर, हुकुमतपुर रामपुर सहसपुर, जिला-देहरादून के शिकायती प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून को विपक्षी सतपाल धनिया, के विरूद्ध पंजीकृत मुकदमों की सूची व अद्यतन स्थिति उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

नसरीन बानो (सेवानिवृत्त) प्र०अ०, रा० प्रा० वि०, चकराता रोड, देहरादून निवासी पत्नी स्व0 अब्दुल जमाल, डी. एस. नेगी कालोनी, तरला आमवाला, पो०ओ०- तपोवन रायपुर रोड देहरादून के शिकायती प्रकरण मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून को नसरीन बानों के सेवानिवृत्त के बाद दिये गये 06 माह के सत्र लाभ का पूर्ण ब्यौरा सेवानिवृत्त के बाद जो पद रिक्त हुए उनकी सूची, स्कूलों की वार्षिक रिपोर्ट भी उपलब्ध करायी जाने के निर्देश मज़हर नईम नवाब, मा० उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून द्वारा दिये गये।

# दून पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री घोटाले में शामिल एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## उक्त प्रकरण में अब तक 12 अभियुक्तों की पुलिस द्वारा की जा चुकी है गिरफ्तारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 06 अक्टूबर : संदीप सहायक महानिरीक्षक निबंधन देहरादून व जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति की जांच रिपोर्ट बाबत अज्ञात अभियुक्तगणों की मिलीभगत से धोखाधड़ी की नियत से आपराधिक षडयन्त्र रचकर उप निबंधक कार्यालय प्रथम द्वितीय जनपद देहरादून में भिन्न-भिन्न भूमि विक्रय विलेख से सम्बन्धित धारित जिल्दों के क्रमशः (विलेख सं0 2719/2720 वर्ष 1972, विलेख सं0 3193, विलेख सं0 3192, विलेख सं0 545 वर्ष 1969, विलेख सं0: 10802/10803 ) के साथ छेडछाड कर अभिलेखो की कूटरचना करना के सम्बन्ध में दी गयी, तहरीर के आधार पर कोतवाली नगर देहरादून पर मु0अ0स0 281/2023 धारा 420/120बी/467/468/471 भादवि बनाम अज्ञात अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया। प्रकरण की विवेचना के लिये पुलिस अधीक्षक यातायात सर्वेश कुमार की अध्यक्षता में एस0आई0टी0 टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा रजिस्ट्रार ऑफिस से जानकारी करते हुए रिंग रोड से सम्बन्धित 30 से अधिक रजिस्ट्रियों का अध्ययन कर सभी लोगों से पूछताछ की तथा पूछताछ में कुछ प्रोपटी डीलर के नाम प्रकाश में आये जिनसे गहन पूछताछ में उक्त फर्जीवाड़े में कई लोगों के नाम प्रकाश में आये गठित टीम द्वारा कई संदिग्धों के विभिन्न बैंक अकाउण्ट का भी अवलोकन किया गया जिसमें करोड़ो रूपयों का लेन-देन होना पाया गया। इन लोगो द्वारा बनाये गये दस्तावेजों को रजिस्ट्रार कार्यालय से प्राप्त करने पर कई फर्जीवाड़े का होना भी पाया गया।

उक्त प्रकरण में पूर्व में अभियुक्त गणों:- 1- सन्तोष अग्रवाल, 2-दीप चन्द अग्रवाल, 3- मक्खन सिंह 4- डालचन्द, 5- वकील इमरान अहमद 6- अजय सिंह क्षेत्री, 7- रोहताश सिंह, 8- विकास पाण्डेय, 9- कुंवर पाल उर्फ के0पी0, 10- कमल विरमानी 11- विशाल कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार में निरुद्ध है। इन लोगों से विस्तृत पूछताछ में कई अन्य लोगों के नाम भी प्रकाश में आये थे, जिनके विरूद्ध विवेचना में साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है।

पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तों के बयानों/साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आया कि मूल विलेखों की हूबहू नकल कर फर्जी बिलेख तैयार करने का काम के०पी० द्वारा महेश चन्द उर्फ छोटा पण्डत पुत्र स्व0 कैलाश चन्द्र निवासी पुष्पाजली बिहार जनता रोड सहारनपुर उ0प्र0 से कराया जाता था। जिस पर पुलिस टीम द्वारा पतारसी सुरागरसी करते हुए दि0 03.10.2023 को सहारनपुर से अभियुक्त महेश चन्द उर्फ छोटा पण्डित को मु0अ0सं0 281/23 धारा 420/467/468/471/120 बी भादवि में गिरफ्तार किया गया। अभि0 से पूछताछ के दौरान धाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 107/23 धारा 420/467/468 471/120 बी भादवि के अपराध में भी सम्मिलित होना पाया गया।



अभियुक्त को मां0 न्यायालय के समक्ष पेश न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरणः- अभि० द्वारा पूछताछ में यह बात प्रकाश में आयी कि अभियुक्त महेश चन्द उर्फ छोटा पण्डित वर्ष 2014 तक कंवरपाल सिंह उर्फ के0पी0 के यहाँ हल्दी व जड़ी - बूटी के कारोबार में मुशी का काम करता था। के0पी0 ने महेश चन्द को बताया कि वह डिस्पयूटेड प्रोपट्री खरीदने बेचने का काम करना चाहता है, जिसमें उसे काफी मुनाफा होने के आसार हैं। इसी काम के लिए के0पी0 कई-कई दिन बाहर रहने लगा। के०पी० पुराने खाली कागज व पुराने स्टाम्प मेरठ, दिल्ली से लाना बताकर कुछ लिखे लिखाये बैनामा व अभिलेखों की नकल उन खाली कागजो व स्टाम्पों पर अभियुक्त महेश चन्द उर्फ छोटा पण्डत व स्व० मांगे राम से करवाता था। के0पी0 के कहने पर लिखे हुए दस्तावेजों की नकल हूबहू उसी लेख में पुराने स्टाम्प व खाली कागजों पर कर फर्जी विलेख तैयार करते थे तथा के०पी० द्वारा लाये गये लिखे लिखाये दस्तावेज की नकल अपनी नेचुरल लिखावट में न कर हूबहू असली विलेख व बेनामा की लिखावट में उतारी जाती थी, पुरानी लिखे कागजों को फाड कर के०पी० जला देता था व अभि० महेश चन्द्र व स्व0 मांगे राम द्वारा तैयार किये गये फर्जी कागजों को लेकर देहरादून आता था व अभियुक्त कमल विरमानी व अन्यों के साथ मिलकर फर्जी तैयार किये गये, अभिलेखों को जिल्द में असली के रूप में चस्पा करा देते थे। अभि0 महेश चन्द द्वारा पूछताछ में बताया कि के०पी० द्वारा एक बार अभियुक्त महेश चन्द व स्व० मांगे राम को एक बही जैसा रजिस्टर लाकर दिया, जिसकी हूबहू नकल करने को कहा गया जो नवादा में मित्तल, रायपुर में इन्द्रावती तथा जाखन में स्वरूप रानी आदि की जमीनों से सम्बन्धित लेख थे, अभि0 महेश चन्द व स्व0 मांगे राम द्वारा के०पी० की बतायी गयी विषय वस्तु लिखकर फर्जी विलेख तैयार किये गये, जिसे लिखने में करीब एक-डेढ महीना लगा था। इसी प्रकार करीब 4-5 बैनामे देहरादून स्थित भूमि सम्बन्धी तैयार किये गये थे जो नकुड स्थित के0पी0 के घर पर रहकर तैयार किये जाते थे।

गिरफ्तार अभियुक्त गण के नाम पते-

1- महेश चन्द्र उर्फ छोटा पण्डित पुत्र स्व0 कैलाश चन्द्र निवासी पुष्पाजली विहार, जनता रोड सहारनपुर, उम्र 55 वर्ष

पुलिस टीम-

1- राकेश कुमार गुसांई (प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर) 2- नवीन चन्द्र जुराल (उ0नि0/विवेचक))3- हर्ष अरोडा (उ0नि0 एसओजी)4- कानि0 पंकज (एसओजी)5- कानि0 ललित (एसओजी